1 आओ सब मिल गाएँ

आओ सब मिल गाएँ
आओ सब मिल गाएँ,
नन्हे-नन्हे कदम बढ़ाकर
आगे बढ़ते जाएँ।

देखें बाग-बगीचे सारे
दुनिया घूमकर आएँ,
कितने भी ऊँचे पहाड़ हों
ऊपर चढ़ते जाएँ।

चाँद-सितारों तक हम पहुँचें
ऐसे उठते जाएँ,
लिए हाथ में हाथ सभी का
गीत खुशी के गाएँ।

नन्हे-नन्हे कदम बढ़ाकर
आगे बढ़ते जाएँ।

शिक्षण संकेत : कक्षा में परस्पर सहयोग, एकता, सद्भाव पर चर्चा करें।

आओ करें Let's do it!

1. सुनो और बोलो Listen and speak—

सब	all	मिलकर	together	गाएँ	sing
नन्हे	little	कदम	feet	बाग	garden
दुनिया	world	पहाड़	mountain	चाँद	moon
सितारे	stars	हाथ	hand	खुशी	happiness

2. पढ़ो और समझो Read and understand—

नन्हे	—	छोटे	बाग	—	उपवन
दुनिया	—	विश्व	पहाड़	—	पर्वत
चाँद	—	चंद्रमा	हाथ	—	कर
गीत	—	गाना	खुशी	—	प्रसन्नता

3. समझो और लिखो Understand and write—

क. बच्चे नन्हे कदम बढ़ाकर क्या करना चाहते हैं?

.... आगे बढ़ते जाना चाहते हैं।

ख. बच्चे कहाँ घूमना चाहते हैं?

.... दुनिया .... ।

ग. बच्चे कैसे गीत गाना चाहते हैं?

.... खुशी के .... ।

घ. बच्चे कहाँ तक पहुँचना चाहते हैं?

.... चाँद-सितारों .... ।

4. **समझो और मिलाओ** Understand and match—

गाना

बजाना

चढ़ना

नाचना

उड़ना

खाना

पीना



5. **श्रुतलेख** Dictation—

नन्हे   कदम   बगीचे   पहाड़   सितारे   खुशी